भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>वाइब्रेंट नॉर्थ-ईस्ट समिट 2024 में भाविप्रा द्वारा भाग लिया गया और भारत सरकार की पहल प्रदर्शन हेतु सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार प्राप्त किया गया।</u>

नई दिल्ली, 23 सितंबर , 2024: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने वाइब्रेंट नॉर्थ-ईस्ट समिट 2024 में सक्रिय रूप से भाग लिया, जो 19 से 21 सितंबर, 2024 तक गुवाहाटी, असम में " अललिशिंग इकॉनामिक पटेन्शल ऑफ नार्थ-ईस्ट" थीम पर आयोजित किया गया था। अपने मंडप के माध्यम से, भाविप्रा द्वारा नागर विमानन के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियों विशेष रूप से क्षेत्रीय संपर्क-उड़ान योजना और उत्तर पूर्वी क्षेत्र में नागर विमानन अवसंरचना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान को प्रदर्शित किया गया । भाविप्रा स्टॉल का डिजिटल इंटरैक्टिव पैनल छात्रों, विभिन्न उद्योगों के व्यावसायिकों, सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्रों से आए आगुंतकों के लिए आकर्षण का केंद्र था।

भाविप्रा को भारत सरकार के पहल प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टाल का पुरस्कार दिया गया, जिसे असम सरकार के माननीय मत्स्य पालन मंत्री श्री केशव महंत द्वारा प्रदान किया गया।

भाविप्रा ने विश्व स्तरीय वायु दिक्चालन सुविधाओं और संबंधित संचार प्रणाली का भी प्रदर्शन किया और डिस्प्ले पैनल के माध्यम से अपनी वर्तमान अवसंरचना के साथ-साथ उत्तर पूर्वी क्षेत्र में भावी परियोजनाओं को भी प्रदर्शित किया।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र में क्षेत्रीय संपर्कता भाविप्रा के लिए मुख्य फोकस क्षेत्र रहा है और वह इस क्षेत्र में वायु संपर्क में सुधार के लिए वर्तमान हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण और उन्नयन के साथ-साथ नए हवाई अड्डों के निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

सरकार भाविप्रा के सहयोग से उड़ान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हवाई अड्डों का विकास करके तथा नए वायु मार्ग आरंभ कर हवाई संपर्कता और विस्तार करने की योजना बना रही है।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया महाप्रबंधक (सीसी) से संपर्क करें: 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 08/2024-25

वाइब्रेंट नॉर्थ-ईस्ट समिट, 2024 में एएआई पैवेलियन

एएआई स्टॉल को भारत सरकार की पहल प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार प्रदान किया गया

एएआई पैवेलियन में इंटरैक्टिव डिजिटल पैनल